केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान,मरू क्षेत्रीय परिसर, श्रीगंगानगर रोड, बीछवाल, बीकानेर

पत्रांकः 3(44)BK/2009/ दिनांकः 04.02.2014

निविदा प्रपत्र

1- निविदा जमा करने की अंतिम तिथिएवं समय	: दिनांक 27.02.2014 दोपहर 1.00 बजे
2- निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय	: दिनांक 27.02.2014 दोपहर बाद 3.00 बजे से
3- अरनेस्ट राशि	: रू 3,000(रूपये तीन हजार मात्र)
4- निविदा की मान्य अवधि	: 120 दिन
5- निविदा शुल्क	: रू.500/-

सस्थान परिसर में साफ-सफाई कार्य का विवरण

1 मुख्य कार्यालय भवन, शौचालय एवं वाथरूम की सफाई, पौंछा तथा प्रागंण व आस-पास की सड़कों की नियमित सफाई।

2 फार्म स्थित कार्यालय व प्रयोगशालाओं की सफाई/पौंछा। शौचालय तथा उसके आस-पास की सड़कों की नियमित सफाई।

3 कार्यशाला, सुरक्षा गार्ड रूम, ट्यूव वेल रूम, केन्द्रीय भण्डार की सफाई व उसके आस पास की सड़कों की नियमित सफाई।

4 आवासीय परिसर में सभी क्वार्टरों के आस-पास तथा सम्बन्धित सड़कों की एवं काऊ केचर प्रति सप्ताह कम से कम एक बार सफाई।

5 किसान घर व प्रशिक्षण छात्रावास के शौचालयों एव आस-पास की नियमित सफाई।

6 मुख्य गेट के आस-पास की नियमित सफाई।

7 उपरोक्त कार्यों के अलावा मुख्य सड़कों व सीवर लाइन आदि की भी आवश्यकतानुसार सफाई।

नियम व शर्तेः

1 श्रम विभाग में पंजीकृत संस्थाओं से निविदा आमंत्रित किये जाते हैं।

2. सफल निविदादाता को 10 प्रतिशत धरोहर राशि जमा कराने के उपरांत ही अनुबंध जारी किया जायेगा।

3. यह अनुबंध दिनांक 1.4.2014 से 31.03.2015 तक के लिये किया जायेगा जिसकी अवधि बिना पूर्व सूचना के घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

4. सफाई का कार्य प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 8 बजे से मुख्य कार्यालय व फार्म स्थित कार्यालय प्रयोगशालाओं की सफाई तथा अन्य स्थानों की सफाई नियमित रूप से करनी होगी। तत्पश्चात आवसीय परिसर व मुख्य गेट आदि की सफाई करनी होगी एवं अवकाश के दिनों में सडकों आदि की सफाई करनी होगी।

5. सफाई कार्य प्रभारी/ पर्यवेक्षक, सम्पदा अनुभाग के निर्देशन में संतोषजनक करना होगा तथा उनके प्रत्येक मौखिक या लिखित आदेशों की पालना करनी होगी।

6. सफाई कार्य के लिये झाड़ू तथा पौंछा इत्यादि स्वंय ठेकेदार को स्वंय के खर्चे पर उपलब्ध करना होगा।

7. आपको उक्त कार्य हेतु लगाये गये मजदूरों को न्यूनतम वेतन अधिनियम के अनुसार भुगतान करना होगा। तथा इससे सम्बन्धित रिकार्ड भी रखना होगा तथा आवश्यकता पड़ने पर सक्षम अधिकारी को चैक कराना होगा। इसकी कोई भी अवहेलना करने पर ठेकेदार की ही पूर्ण जिम्मेदारी होगी तथा संस्थान ठेकेदार की किसी भी कानूनी अवहेलना के लिये जिम्मेदार नहीं होगा।

8. उपरोक्त कार्यों में दर्शाये गये भवनों अथवा स्थलों की किसी भी दिन सफाई नहीं होती है तो उस दिन का कार्य असंतोषजनक मानते हुये उस दिन का भुगतान अनुपातित के अनुसार आपके उस माह के बिल से बिना पूर्व सूचना के काट लिया जायेगा।

9. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के हिसाव से मजदूरों को भुगतान करने बाबत प्रमाण पत्र अपने बिल में अंकित करना होगा। बिल पर पेन नम्बर अंकित करना अनिवार्य होगा। बिल प्रत्येक माह तीन प्रतियों में पूर्व प्राप्ति (Revenue stamp) पर हस्ताक्षर कर प्रभारी सम्पदा अनुभाग को प्रस्तुत करना होगा जिसका भुगतान एक माह में कर दिया जायेगा।

10. यदि आपका कार्य संतोषप्रद नहीं हुआ या आपने इस अनुबंध की कोई शर्त पूरी नहीं की तो आपकों कोई भुगतान नहीं किया जायेगा और साथ ही जमा की गयी धरोहर राशि बिना पूर्व सूचना के जब्त कर ली जायेगी।

11. किसी भी विवाद में प्रभागाध्यक्ष का निर्णय ही अन्तिम निर्णय होगा तथा आपको मान्य होगा।

12. निविदा के साथ रूपये 3000/- अरनेस्ट राशि बतौर डिमाण्ड ड्राफ्ट CSWRI UNIT ARC, Bikaner के पक्ष में तथा पंजाब नेशनल बैंक बीछवाल शाखा, बीकानेर में भुगतान योग्य हो, निर्धारित तिथि एवं समय तक क्रय एवं भण्डार अनुभाग में रखे टेण्डर बॉक्स में डालना होगा अथवा पंजीकृत डाक द्वारा स्वीकार किए जाएंगे। यदि निविदा प्रपत्र बेवसाइट से लिया जाता है तो निविदा प्रपत्र का शुल्क रू.500/- का अलग डिमाण्ड ड्राफ्ट संलग्न किया जाना आवश्यक है। अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

13. उपरोक्त अनुबंध का कार्य/नियम/शर्तें स्वीकार करने बाबत आपको इकरारनामा नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र की प्राप्ति के तीन दिन के अन्दर प्रस्तुत करना होगा अन्यथा आपकी जमानत राशि जब्त कर यह अनुबंध स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

14. उक्त अनुबंध हेतु टेण्डर निविदा दाता द्वारा दी गई न्यूनतम दर, प्रतिष्ठा तथा अनुभव के आधार पर स्वीकार किया जायेगा। अतः संस्थान को कोई भी टेण्डर स्वीकार या रद्ध करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

4/2/14

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

उपरोक्त नियम एवं शर्तें मैने पूर्ण होश हवास में पढ एवं समझ ली हैं और उपरोक्त कार्यों के लिए दर रूपये_____________प्रति माह होगी।

हस्ताक्षरः-

नामः-

स्थाई पताः-